हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जुलाई 2024, समय 1810 (10मिनट))

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचकूला में राज्य स्तरीय पंचायत समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पंचायतों को हाईटेक किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने आज अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं को लागू करने में नवाचार, साझेदारी, पारदर्शिता और ऋण प्रवाह की निगरानी पर जोर दिया।
- अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि उन्हें राजनीतिक दुर्भावना के कारण गिरफ्तार किया गया है।
- मुख्यमंत्री सुशासन सहायता कार्यक्रम के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

........................................................................

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली परसो रोहतक में पार्टी के प्रदेश कार्यालय '"मंगल कमल"' में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी, श्री मोहन लाल बड़ौली को विधिवत रूप से प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण करवाएंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी, प्रदेश के मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

इस समारोह को भव्य बनाने के संबंध में आज  संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने इस कार्यक्रम में हर कार्यकर्ता से अपनी भागीदारी  सुनिश्चित करने को कहा ।

जिला अध्यक्ष रणबीर □ाका ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ व विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे ।

खोखर

---

अम्बाला पुलिस ने आज नग्गल गांव के सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों  व शिक्षकों को पहली जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों  बारे जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया ने कहा कि तीन नए अपराधिक कानूनों की जानकारी देकर आमजन मे जागरूकता लाना अत्यन्त आवश्यक है ताकि लोग नए काननों में हुए बदलावों बारे जानकारी प्राप्त कर सके।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने बताया कि प्रथम सूचना रिर्पोट व अन्तिम रिर्पोट अब नई धाराओं के तहत दर्ज होगीं।

---

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से अंतरिम जमानत दिए जाने को आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक फैसला बताया है। पार्टी की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक दुर्भावना के चलते गिरफ्तार किया गया था।

दरअसल सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय से संबंधित मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी है।

आज रोहतक में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में  श्री गुप्ता ने  कहा कि आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचा गया था। जिस मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, उससे उनका

दूर दूर तक कोई संबंध नहीं था । उन्होंने C.B.I की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए।

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हरियाणा में अपराध और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है।

एक सवाल के जवाब में श्री गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने में सक्षम है लेकिन फिर भी अगर कोई गठबंधन होता है तो इस बारे में पार्टी आलाकमान फैसला करेगा। उन्होंने माना कि इंडी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए हुआ था। वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल, बहुजन समाज पार्टी और जननायक जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने नकार दिया है ।

---

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने आज अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने राज्य में ग्रामीण बुनियादी □ांचे के निर्माण, ग्रामीण भंडारण सुविधाओं, फूड पार्क, एव सामाजिक बुनियादी □ांचे के निर्माण में नाबार्ड के प्रयासों की प्रशंसा की। पिछले चार दशकों में नाबार्ड के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में ग्रामीण वित्तीय संस्थानों और ग्रामीण बैंकों के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए नाबार्ड हमेशा आगे रहा है।

श्री दत्तात्रेय ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं जैसे ड्रोन दीदी, लखपति दीदी और विकसित भारत पर भी चर्चा की। उन्होंने कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में नवाचार, साझेदारी पारदर्शिता और ऋण प्रवाह की निगरानी पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने किसान उत्पादक संगठन की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई और स्वयं सहायता समूहों , संयुक्त देयता समूहों , किसान उत्पादक संगठनों और गैर कृषि उत्पादक संगठनों के उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री विवेक श्रीवास्तव और नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निवेदिता तिवारी ने भी समारोह को संबोधित किया। श्रीमती तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष के दौरान, नाबार्ड ने विभिन्न योजनाओं के तहत हरियाणा सरकार और उसके निगमों को 10 हजार 768 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने आज पंचकूला में राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन में प्रदेश भर से ए पंचो व सरपंचो को सम्भोधित किया

मुक्यमंत्री ने कहा की सरकार पंचायतो की जो भी मांगे उनको पूरा करेगी ताकि विकास की गति तेज़ हो उन्होंने कहा की वर्ष 2014 से गांवों का निरंतर विकास किया जा रहा है तब पंचायत का जो बजट 600 करोड़ रुपए था वो अज्ज 7 हज़ार 276 करोड़ रुपया हो गया है

सम्मेलन में पंचायत मंत्री महिपाल □ांडा एव विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चाँद गुप्ता भी मौजूद रहे मुक्यमंत्रीउ ने कहा की उनकी सरकार ने सरपंचो को सशक्त किया है हर गावों में सामुदायिक भवन बनाये गए है और सड़को का नवीकरण किया गया है

उन्होंने कहा कि पंचायत में कम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्त कर पंचायतों को हाईटेक किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य वित्त आयोग ने ग्रामीण विकास के लिए 429 करोड रुपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ज़िला परिषद अध्यक्षों की पेंशन तीन हजार रुपये और पूर्व सरपंचों की पेंशन 1500 रुपए किये जाने एवं सरपंचों का मानदेय 5 हज़ार रुपये और पंचों का मानदेय 1600 रुपये किये जाने की भी जानकारी दी।